

## अमिताभ ने साझा किया इमोशनल नोट




मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति के नए सीज़न की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस माइलस्टोन को उन्होंने 2 अगस्त को फैंस के साथ साझा किया, जिसे उनका 'रीबर्थ डे' भी माना जाता है।अपने ब्लॉग पर लिखे भावुक नोट में 83 वर्षीय अभिनेता ने बताया कि अब समय आ गया है केबीसी के पहले दिन की शूटिंग का। उन्होंने फैंस का वर्षों से मिले अटूट आशीर्वाद और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। अमिताभ ने लिखा, 'समय हो गया है कल, केबीसी के पहले दिन की रिकॉर्डिंग का। तो मैं चला, एक और चुनौती का सामना करने, आप सबके आशीर्वाद और स्नेह के साथ।' (अब समय हो गया है केबीसी के पहले दिन की रिकॉर्डिंग का। तो मैं चला, एक और चुनौती का सामना करने, आप सबके आशीर्वाद और स्नेह के साथ।)

## डर कभी खत्म नहीं होता...




'सबसे बड़ी लड़ाइयाँ दुनिया से नहीं, बल्कि डर से लड़ी जाती हैं।' यही विश्वास हर सीज़न में 'खतरों के खिलाड़ी' की पहचान रहा है और दो साल के इंतज़ार के बाद यह जंग अब और भी बड़े पैमाने पर लौट रही है। कलर्स एक बार फिर लेकर आ रहा है इंडियाज़ का सबसे आइकॉनिक स्टंट-बेस्ड रियलिटी स्पेक्टेकल, अपने सबसे बड़े, सबसे बोल्ड और सबसे अनफ़ॉरगिविंग अवतार में, जो लेकर आया है 'डर का नया दौर'। रोहित शेट्टी एक बार फिर संभालेंगे टेलीविज़न के इस अल्टीमेट बैटलफ़ील्ड ऑफ़ करेज़ की कमान। उनके साथ जुड़ रहे हैं 13 निडर सेलिब्रिटीज़ गौरव खन्ना, फर्हाना भट्ट, हर्ष गुर्जराल, रुबीना दिलैक, ओरहान अवात्रमणि (ऑरी), शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, जैस्मिन भसीन, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल आदित्य सिंह, अविका गोर और रुहानिका धवन। ये सभी तैयार हैं अपने सबसे गहरे डर का सामना करने के लिए, हिम्मत, सहनशीलता और सर्वाइवल की अल्टीमेट परीक्षा में। इस सीज़न में पहली बार 'खतरों के खिलाड़ी' के इतिहास का पहला वैक्यूम स्टंट देखने को मिलेगा और कंटेस्टेंट्स को अपने पर्सनल डर का सामना करना होगा।

## दो नंबरी', की शानदार शुरुआत*




साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल मिर्जापुरः द मूवी की थिएटर रिलीज से पहले एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज ने आज फिल्म के साउंडट्रैक एल्बम का पहला गाना 'दो नंबरी' रिलीज कर दिया है। इस गाने को हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री के बड़े नाम धांडा न्योलीवाला ने लिखा, कंपोज़ किया और अपनी आवाज दी है। दमदार एनर्जी से भरपूर यह ट्रैक उनके बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड डेब्यू का भी आगाज़ है। साथ ही यह एक्सेल एंटरटेनमेंट के नए लॉन्च हुए म्यूजिक लेबल एक्सेल म्यूजिक का पहला रिलीज भी है।धांडा न्योलीवाला अपने चार्टबस्टर गानों, अलग अंदाज और दमदार स्टेज परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं। उनके करोड़ों फैंस हैं और उनके कई गाने वायरल हो चुके हैं।

## हार्डी ने बदल दी रेवती की सोच



अभिनेत्री और परफॉर्मर रेवती महुरकर के लिए हार्डी संधू के साथ म्यूजिक वीडियो 'तेवर' की शूटिंग ऐसा ही यादगार अनुभव रहा। इस प्रोजेक्ट के दौरान हार्डी ने रेवती को दी एक छोटी-सी सलाह उनके लिए करियर का बड़ा मंत्र बन गई।हार्डी संधू ने रेवती से कहा था, 'अपने काम को लेकर हमेशा चयनात्मक रहो और अच्छे कलाकारों के साथ ही काम करो।' रेवती के मुताबिक, इस सलाह ने उन्हें प्रोजेक्ट और सह-कलाकार चुनने का नजरिया ही बदलकर दिखा दिया। उनके मुताबिक, हार्डी बेहद सच्चे और रचनात्मक इंसान हैं, जो लोगों या ताकत के साथ खेल खेलने में विश्वास नहीं रखते। यही वजह है कि 'तेवर' आज भी उनके पसंदीदा प्रोजेक्ट्स में शामिल है।

## निखिता बिखेरेंगी संगीत का जादू



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 इस साल भारतीय सिनेमा और संस्कृति का हर रूप में जश्न मनाने के लिए तैयार है। इसी कड़ी में संगीत भी इस महोत्सव का एक अहम हिस्सा बनने जा रहा है। मशहूर गायिका निखिता गांधी इस साल ढ्ढस्नस्नरूमें लाइव परफॉर्म करेंगी और अपनी शानदार स्टेज परफॉर्मेंस व सुपरहिट गानों से ऑस्ट्रेलिया के दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। इससे भारत के बाहर भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े फिल्म महोत्सवों में से एक ढ्ढस्नस्नरूका उत्साह और भी बढ़ जाएगा।निखिता गांधी ने बॉलीवुड, इंडिपेंडेंट म्यूज़िक और तमिल, तेलुगु, बंगाली, कन्नड़ और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है।



## साई पल्लवी की सादगी, शानदार अभिनय हमेशा प्रेरित करता है: निहारिका

हाल ही में अभिनेत्री निहारिका एनएम ने साई पल्लवी को अपनी पसंदीदा अभिनेत्री बताया है। सोशल मीडिया और कंटेंट क्रिएशन की दुनिया से फिल्मों में कदम रखने वाली निहारिका ने कहा कि साई पल्लवी की सादगी, शानदार अभिनय और उनका व्यक्तित्व उन्हें हमेशा प्रेरित करता है। निहारिका ने साई पल्लवी की तारीफ करते हुए आगे कहा, साई पल्लवी उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्हें मैं लंबे समय से पसंद करती हूं। उनकी सादगी, खूबसूरती और अपने काम के प्रति समर्पण उन्हें सबसे अलग बनाता है। निहारिका का मानना है कि साई पल्लवी ने बिना किसी बनावटी छवि के दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है, जो उन्हें बेहद पसंद आता है। उनके अनुसार, आज के समय में ऐसे कलाकार कम हैं जो अपनी स्वाभाविक शैली से लोगों का दिल जीतते हैं। साई पल्लवी के अलावा, निहारिका ने बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों तब्बू और दिवंगत श्रीदेवी की भी सराहना की। उन्होंने तब्बू को एक सदाबहार कलाकार बताया, जो आज भी अपनी अभिनय क्षमता से हर किरदार में जान डाल देती हैं। निहारिका ने तब्बू के अभिनय और डांस दोनों को शानदार बताते हुए उन्हें हर पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने दिवंगत श्रीदेवी को भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक करार दिया। बातचीत के दौरान निहारिका ने अपनी नई फिल्म भाई तेरा स्टार है के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म से जुड़ने का मुख्य कारण इसकी कहानी थी।



## ब्रिटिश अभिनेत्री रेचल ने शेयर की लगान की फोटोज, यादें की ताजा

हाल ही में ब्रिटिश अभिनेत्री रेचल शेली ने फिल्म लगान की शूटिंग के दौरान की कुछ ऐसी तस्वीरें साझा की हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई थीं, जिससे पुरानी यादें ताजा हो गईं। लगान में एलिजाबेथ रसेल का किरदार निभाने वाली रेचल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म की शूटिंग की दो खास तस्वीरें पोस्ट कीं। एक तस्वीर में अभिनेत्री पारंपरिक भारतीय कपड़ों और रंग-बिरंगी चूड़ियों में नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह फिल्म में पहने गए अपने खास विक्टोरियन-युग के कॉस्ट्यूम में एक सजे-धजे हाथी के पास खुशी-खुशी पोज देती दिख रही हैं। तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, हे लगान लवर्स - क्या मैंने कभी ये तस्वीरें आपके साथ शेयर की थीं..? लगान में रेचल ने बेरहम ब्रिटिश अफसर कैप्टन एंड्रयू रसेल (पॉल ब्लैकथॉर्न द्वारा निभाया गया किरदार) की दयालु बहन एलिजाबेथ रसेल का किरदार निभाया था

# आकांक्षा का धमाकेदार सफर

आकांक्षा चमोला टेलीविजन की पहचान से आगे बढ़कर आज हर किसी की चर्चा का विषय बन गई हैं।

**1. दिल धोखा और डिज़ायर - शेमारूमी बना करियर का टर्निंग पॉइंट**

टेलीविजन पर अपनी मजबूत पहचान बनाने के बाद आकांक्षा ने शेमारूमी की सीरीज़ दिल धोखा और डिज़ायर के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखा। इस सीरीज़ में उन्होंने मालिनी का किरदार निभाया, जो भावनाओं, रहस्य और संवेदनशीलता से भरपूर था।

इस भूमिका के माध्यम से उन्होंने पारंपरिक टीवी किरदारों से अलग हटकर एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कहानी को अपनाया।

**2. इमेज मेकओवर जिसने सबका ध्यान खींचा**



वह दौर अब पीछे छूट चुका है जब आकांक्षा चमोला सिर्फ अपने टीवी किरदारों के लिए जानी जाती थीं। इंडस्ट्री इवेंट्स में अपने शानदार लुक्स, आकर्षक डिजिटल कंटेंट और दिल धोखा और डिज़ायर में अपने नए और दमदार ऑन-स्क्रीन अवतार के जरिए उन्होंने खुद को एक आधुनिक और बहुआयामी एंटरटेनर के रूप में स्थापित किया है।

**3. नई पीढ़ी की डिजिटल स्टोरीटेलिंग की लहर पर सवार**

दिल धोखा और डिज़ायर आकांक्षा के करियर का सिर्फ एक और प्रोजेक्ट नहीं था, बल्कि यह उनके सफर का एक नया अध्याय साबित हुआ। इस सीरीज़ ने यह दिखाया कि वह भावनात्मक और परतदार कहानियों को अपने कंधों पर मजबूती से निभाने की क्षमता रखती हैं।

**4. स्क्रिप्ट आधारित सफलता से अपनी अलग पहचान तक का सफर**

कई वर्षों तक आकांक्षा चमोला ने अपने निभाए गए किरदारों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। लेकिन दिल धोखा और डिज़ायर जैसे डिजिटल प्रोजेक्ट्स और नए कंटेंट फॉर्मेट्स में उनकी बढ़ती मौजूदगी के साथ लोगों का ध्यान धीरे-धीरे उनके किरदारों से हटकर उनकी अपनी शख्सियत पर आने लगा।

**5. लॉक अप सीज़न 2 में बनीं चर्चा का केंद्र**

आकांक्षा की ताज़ा उपलब्धि उन्हें भारत के सबसे चर्चित रियलिटी शोज़ में से एक लॉक अप सीज़न 2 तक ले आई है।

इस शो ने दर्शकों को उनकी अदाकारी के पीछे छिपी असली शख्सियत से रूबरू कराया है।

## यश राज फिल्म्स ने 'राह रिकॉर्ड्स' लॉन्च किया।

भारत के प्रमुख मनोरंजन स्टूडियो में से एक यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने 'राह रिकॉर्ड्स' के लॉन्च की घोषणा की। यह एक नई संगीत कंपनी और प्रतिभा-विकास मंच है, जिसे मूल कलाकारों को खोजने, उन्हें विकसित करने और उनका समर्थन करने के साथ-साथ फिल्मी संगीत से आगे उनके दीर्घकालिक रचनात्मक करियर को आकार देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।पांच दशकों से अधिक समय से वाईआरएफ ने भारतीय सिनेमा के कई सदाबहार संगीतों के माध्यम से देश के संगीत परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राह रिकॉर्ड्स इसी विरासत को भारत के तेजी से बदलते संगीत जगत में आगे बढ़ाते हुए कलाकारों के विकास, मौलिक संगीत निर्माण और दीर्घकालिक करियर निर्माण को एक समर्पित मंच के तहत एक साथ लेकर आएगा।

Raah Records

## सुभाष चंद्रा के सेलिब्रेशन में कई बड़े प्रोड्यूसर शामिल हुए!



ज़ी टीवी के डॉ. सुभाष चंद्रा ने एक खास शाम का आयोजन किया, जिसमें पुरानी यादों को ताज़ा करने, आभार व्यक्त करने और जश्न मनाने का माहौल था। यह आयोजन एसेल ग्रुप की एक शानदार उपलब्धि–बेहतरीन काम के 100 साल पूरे होने–के उपलक्ष्य में किया गया था। इस भव्य समारोह में उस सदी को याद किया गया जिसे दूरदर्शी नेतृत्व, लगातार इनोवेशन और मज़बूत रिश्तों ने आकार दिया है; इन चीज़ों ने भारत के मीडिया और एंटरटेनमेंट जगत पर गहरी छाप छोड़ी है। शाम में पुरानी यादों और भविष्य के प्रति उम्मीदों का खूबसूरत संगम देखने को मिला। इस ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करने के लिए इंडस्ट्री के कई प्रभावशाली प्रोड्यूसर, मशहूर एक्टर और लंबे समय से जुड़े साथी एक ही छत के नीचे इकट्ठा हुए।मौजूद खास लोगों में प्रोड्यूसर राहुल कुमार तिवारी भी शामिल थे, जो 'उड़ने की आशा' और 'जगधात्री' जैसे सफल टीवी शो के लिए जाने जाते हैं। राहुल, जिन्होंने लगातार दर्शकों के पसंदीदा शो दिए हैं, पूरी शाम इंडस्ट्री के अपने साथियों के साथ गर्मजोशी से बातचीत करते दिखे।

## स्वाति बन गई वृंदा का सहारा

'तू ही रे दिल में' शो में संजय (अबरार काजी) और वृंदा (प्रियांशी यादव) की शादी हो चुकी है। लेकिन जैसे ही वृंदा को पता चलता है कि संजय किसी और से प्यार करता है, वह तुरंत उससे दूर जाने का फैसला करती है और अपनी ज़िंदगी का सफर अकेले तय करने का रास्ता चुनती है।इस सफर में जहां वृंदा को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, वहीं स्वाति (सिमरन रावल) उसका साथ देती है। वह उसकी देखभाल करती है और मुश्किल समय में उसका सबसे बड़ा सहारा बन जाती है। दिलचस्प बात यह है कि वृंदा और स्वाति, दोनों इस बात से पूरी तरह अनजान हैं कि उनकी ज़िंदगी एक ही शख्स, संजय, से जुड़ी हुई है। एक तरफ स्वाति और संजय एक दूसरे से बेइंतहा प्यार करते हैं, तो दूसरी तरफ संजय की शादी वृंदा से हो चुकी है। वहीं, वृंदा ने भी हमेशा संजय को अपना जीवनसाथी बनाने का सपना देखा था। ऐसे में यह पूरा समीकरण और भी उलझता जा रहा है।



